आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 23.01.2021 (पदेन सचिव /भारत सरकार)

एमसीएफ में रेलवे बोर्ड सदस्य (फाइनेंस) का दौरा ।

रेलवे बोर्ड सदस्य (फाइनेंस) श्री नरेश सलेचा (पदेन सचिव/भारत सरकार) ने दिनांक 23.01.2021 को आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली का निरीक्षण किया । इस निरीक्षण में कार्यकारी निदेशक (वित्त) रेलवे बोर्ड श्री अजीत कुमार श्रीवास्तव, एमसीएफ के पीसीएमई श्री विवेक कुमार एवं प्रधान वित्त सलाहकार श्री जे. एन. पाण्डेय सहित वरिष्ठ अधिकारीगण साथ रहे । श्री नरेश सलेचा ने कारखाने में हो रहे उत्पादन कार्यों का विस्तृत रूप से जानकारी ली।

श्री सलेचा ने कारखाना निरीक्षण के पश्चात महाप्रबंधक सभागार कक्ष में एमसीएफ महाप्रबंधक श्री विनय मोहन श्रीवास्तव व प्रधान विभागाध्यक्षों के साथ बैठक कर भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से विचार–विमर्श किया। बैठक के दौरान पीसीएमई एमसीएफ के द्वारा कारखाना एवं कोच उत्पादन विषयों पर प्रस्तुति दी गई। श्री सलेचा ने एमसीएफ आवसीय परिसर स्थित इको ग्रीन पार्क का निरीक्षण किया एवं एमसीएफ कारखाना एवं आवासीय परिसर में उपलब्ध संसाधनों को देखकर प्रसन्न दिखे। सौर्य उर्जा के प्रयोग से विद्युत बिल में कमी लाने के प्रयासों की सराहना करते हुए सदस्य (फाइनेंस) महोदय ने सौर उर्जा की क्षमता को और अधिक बढ़ाने पर जोर दिया साथ ही कोच निर्यात की सम्भावनाओं को तलासने हेतु सुझाव भी दिये। उन्होंने कहा रेलवे बोर्ड द्वारा एमसीएफ को लगातार दो वर्ष सर्वोत्तम उत्पादन इकाई की शील्ड मिलना एक बड़ी उपलब्धि है इसके लिए एमसीएफ के सभी कर्मचारी एवं अधिकारी बधाई के पात्र हैं।

इस दौरान एमसीएफ के सभी प्रधान विभागाध्यक्ष, मुख्य विभागाध्यक्ष एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

23/01/2021

मुख्य जन–संपर्क अधिकारी